लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
पायनियर



हमने दर्शकों को ही वितरक बना दिया
विविध-16



# सीवी रमन केंद्र, एसएमएस ने धूमधाम से मनाया विज्ञान दिवस

**लखनऊ।** स्कूल ऑफ मैंनेजमेंट साइंसेज के सीवी रमन अनुसंधान केंद्र द्वारा सर सीवी रमन के 130वीं जन्मदिवस को विज्ञान-दिवस के रूप मे मनाया गया। इस अवसर पर डा. भरत राज सिंह, महा-निदेशक (तकनीकी) एसएमएस ने अध्यापकों व छात्र-छात्राओं को अपने सम्बोधन मे 1928 मे नोबेल पुरस्कार व 1954 मे भारत रत्न से सम्मानित सर सीवी रमन के शोध के विषय मे जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि रमन इफेक्ट का आज पूरी दुनिया मे संचार माध्यम, चिकित्सा क्षेत्र आदि मे एक क्रांति के रूप मे उपयोग हो रहा है। इसीलिए आज हमे शोध को बढ़ावा देकर बच्चों को प्रेरित करना अत्यंत आवश्यक है। डा. भरत राज सिह के द्वारा विज्ञान व प्राद्योगिकी परिषद के तत्वाधान में गोमतीनगर स्थित टीडी गर्ल्स इंटर कालेज में आयोजित विज्ञान-दिवस के कार्यक्रम की अध्यक्षता भी की। इस कार्यक्रम में डा. सीएम नौटियाल, डा. एस एम प्रसाद, डा. डीबी सिंह सहित कई अन्य विद्वजन शामिल हुए और बच्चों को विज्ञान के और ज्यादा प्रोत्साहित किया।